हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 खरीदी केंद्रों में भाजपा सरकार व्यवस्थाएं बनाने में है नाकाम

14 निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर को कक्षा 5वीं के छात्र ने...




PHOENIX®
श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक

डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861

## खबर संक्षेप



### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में घायल हाथी के बच्चे की तबीयत बिगड़ी

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगभग एक महा पूर्व एक जंगली हाथी का बच्चा पोटाश बम के चपेट में आ गया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हाथी के बच्चे का वन विभाग एवं डॉक्टर की टीम के द्वारा लगातार इलाज किया जा रहा है और तो और ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी इस घायल हाथी के बच्चे पर नजर रखे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हाथी के बच्चे का अचानक तबियत बिगड़ गया है। हाथी का बच्चा 2 दिन पूर्व ही मैनपुर विकास खंड क्षेत्र के तौरेंगा वन परिक्षेत्र में पहुंच चुका है और गंभीर रूप से बीमार हो गया है। हाथी का बच्चा चल नहीं पा रहा है आज सुबह से हाथी के बच्चा की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के उपस्थिति में लगातार वन विभाग की टीम एवं जंगल सफारी से पहुंचे डॉक्टरों की टीम के द्वारा हाथी के बच्चे का इलाज किया जा रहा है।

### टोचन पिन निकलने से खेत में पल्टी ट्राली



**छुईहा बेलर।** छुईहा से चरौदा मार्ग में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर खाली ट्राली जोगीडीपा से ड्राईवर अलिम लेकर निकला था। कि चरौदा और छुईहा मुख्य मार्ग में चलती ट्रैक्टर इंजन से ट्राली टोचन पिन निकल गई। जिससे ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गई और खेत में जाकर पल्टी हो गई। यह मार्ग व्यस्त रहता है। हादसे में जनहानि नहीं हुई है। इससे बड़ी दुर्घटना होते बाल -बाल बची।

### भतीजे को बेटा बोलने पर पिता ने की मारपीट

**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ागढ में भतीजे को बेटा बोलने पर बच्चे के पिता ने मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। हीराधर नंद पिता स्व. बंशीधर नंद (50 वर्ष) निवासी पोड़ागढ ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने घर के सामने उसके छोटे भाई के पुत्र तूफान को क्या कर रहे हो बेटा बोला, तभी हीराधर के छोटे भाई रायधर नंद ने गाली गलौज कर हाथ, मुक्का एवं जमीन में पटककर लात से मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से हीराधर को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रायधर नंद के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### हवन सामग्री की फैक्ट्री में लगी आग

**महासमुंद।** औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के एक हवन सामग्री फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई। सुबह-सुबह आग लगने की इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारण अब तक अज्ञात है।

# 23 साल बाद परिवार को मिला डकैतों द्वारा लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

डकैतों से बरामद आभूषण को वापस लेने 23 साल लग गए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद 35 प्रकार के ज्वेलरी के मिलान में 6 घंटे लगे। 24 साल पहले 20 लाख का आंकलन किया गया था। बीते दिनों देवभोग पुलिस ने हाईकोर्ट के निर्देश पर उरमाल के ज्वेलरी ओमप्रकाश गोयल के परिवार वालो को उनके घर से डकैत हुए सामग्री को वापस सुपुर्द किया। अधिवक्ता ऋषभ अवस्थी ने बताया कि उरमाल निवासी उनके क्लाइंट ओमप्रकाश गोयल के घर 25 जून 2001 की दरम्यानी रात डकैती हो गई थी।नवरंगपुर व कालाहांडी जिले में सक्रिय शांतिसीलो गैंग ने यह डकैती किया था। डकैत किए गए सामान में 15 किलो से ज्यादा चांदी व 700 ग्राम का सोना था। 24 साल पहले इसे अविभाजित रायपुर की बड़ी डकैती माना गया था।वारदात के बाद अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी पुलिस ने साल भर के भीतर गैंग के लीडर कैलाश कच्छिम,हरा जानि, मनीराम,श्यामसुंदर समेत सभी 16 आरोपियों को पकड़ लिया। हिस्से में बांटे गए जेवरात को एक जगह संग्रहण करने पुलिस के पसीने छूट गए थे। मामले में आरोपियों को निचली अदालत ने सजा सुनाई थी, लेकिन अपील में जाने के कारण जेवरात के सुपुर्दगी का मामला लटका था।दो दिन पहले ही पुलिस ने ज्वेलरी परिवार के सदस्यों को सामग्री सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने इसे न्यायालयीन आदेश के पालन की विधिवत प्रकिया बताते हुए सुपुर्द सामग्री की पुष्टि किया है।



### पुलिस को मिलान में लगे 6 घंटे

मामला 23 साल पुराना था, न्यायालय के आदेश के बाद जब्त सामग्री को ज्वेलर्स परिवार व अधिवक्ता के सामने पुलिस ने एक एक कर खोला। जप्त पत्रक का मिलान किया गया। सोने व चांदी के 35 से भी ज्यादा प्रकार के आभूषण थे। इसका मिलान करने में 6 घंटे लग गए।

## शिविर : जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से किया जायेगा निराकरण : कलेक्टर

# समस्याओं से संबंधित मिले 243 आवेदन अधिकांश का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के बिन्द्रानवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम धौराकोट में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 243 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ धौराकोट में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

### विधायक ध्रुव ने कहा- जन समस्या निवारण शिविर तब सफल होगा जब ग्रामीणों की समस्याओं का किया जायेगा समाधान





### जिले के खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी

कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि शासन के मंशानुरूप जिले में प्रत्येक माह 2 बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है। उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। गरियाबंद जिले को शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायतवार छूटे हुए लोगों का सर्वे कर लिया गया है। जिसमें 37 प्रकार की हितग्राहीमूलक सेवाएं शामिल है। इन सेवाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर भी लगाए जायेंगे। जिसमें पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी है। केवल पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीदी की जा रही है। अवैध धान भण्डारण, परिवहन एवं खरीदी–बिक्री पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही है।

### शिकायतों का तत्परता से किया जायेगा निराकरण

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जनपद अध्यक्ष देवभोग श्रीमती नेहा सिंघल, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, देवभोग एसडीएम तुलसी दास मरकाम, सरपंच, पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज धौराकोट में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा।



### पति पर किया जानलेवा हमला, पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले के आमझर गांव में एक महिला ने अपने पति पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित, डायमंड सोरी को सिर में गहरी चोट लगी और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी पत्नी राजकुमारी सोरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार शाम को हुई जब डायमंड सोरी अपने घर लौटा था। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसी दौरान महिला ने गुस्से में अपने पति पर हमला कर दिया। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। जिले में घरेलू हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले साल जिले में 50 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। एक मनोवैज्ञानिक ने कहा कि घरेलू हिंसा के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि शराब, दहेज, और सामाजिक दबाव। स्थानीय समुदाय इस घटना से स्तब्ध है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 9 पुरुषों का हुआ नसबंदी ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के तहत बीएमओ डॉ. व्हीके हिरौंदिया के मार्गदर्शन में राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 पुरुष नसबंदी का सफल ऑपरेशन डॉक्टरों द्वारा किया गया। बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों द्वारा समुदाय स्तर पर पुरुष नसबंदी एवं परिवार नियोजन के स्थाई-अस्थाई साधनों के बारे में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि पुरुष नसबंदी के लिए पुरुष वर्ग सामने आए। पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन की सबसे आसान स्थायी साधन है,जो बिना चीरा टांका के होता है। डॉक्टर हिरौंदिया ने परिवार नियोजन में सहभागिता के लिए पुरुषों को पुरुष नसबंदी के लिए आगे आने के लिए अपील किया है। शिविर में मुख्य ▶▶ शेष पेज 12 पर





### पाइप फूटने से जलापूर्ति बाधित

**नवापारा राजिम।** वार्ड क्रमांक 8 भोईपारा व गांड़ापारा में रेलवे का काम चल रहा है। इस दौर में पाइप लाइन के फूटने से जलापूर्ति बाधित हुई है। लोग पेयजल एवं निस्तारी संकट से जुझ रहे हैं। पाइपलाइन के बनते तक नगर पालिका द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी ने बताया कि इस अचानक आई परेशानी को देखते हुए पानी टैंकर भेजा जा रहा है।

### दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास दो बाइक भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल हुए प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर 18 गुरूपारा शिव चौक महासमुंद निवासी देवेश यदु ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर को दोपहर 2:30 से 3 बजे वह अपने घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 1383 से आरंग जा रहा था। इसी दौरान राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनयू 2422 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, हादसे में देवेश को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल के चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## उड़द और मूंग की फसल में कम हो रहा है उत्पादन

# मक्का और कपास की खेती में किसानों का बढ़ा रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ़ सीजन के दौरान लगाई जानी वाली फसलों में कपास मुख्य नकदी फसल है। दूसरी फसलों की अपेक्षा कपास का भाव, उत्पादन अधिक होने पर किसानों को अच्छी आमदनी होती है। जिसके चलते कपास को किसानों के लिए सफेद सोना भी कहा जाता है। इन्हीं कारणों के चलते अधिक खर्चे व मेहनत की खेती होने के बावजूद भी किसान कपास और मक्का की फसल को तवज्जो देते आ रहे हैं। क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के कारण मिट्टी की नमी में कमी आई है, तापमान और बारिश के पैटर्न में भी बदलाव आया है, साथ ही कीट और रोग लगने की घटनाओं में भी तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे उड़द, मूंग फ़सल में उत्पादन कम होने के कारण किसान मक्का और कपास की खेती कर रहे हैं। जो मौजूदा समय में उनके लिए लाभकारी हो, इसी क्रम में सुरगपानी के कृषक कवि मरकाम, खेमसिंह, तुला राम सहित सभी किसान कपास और मक्का की फसल लिया जा रहा है। मालूम हो कि मानसून धीरे से आने और धीमी गति से बढ़ने के बाद किसान कपास और मक्का जैसे अन्य फसलों की खेती करना पसंद कर रहा है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि कपास की खेती करते समय ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि खेतों में जल निकासी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए, मटियार भूमि में इसकी खेती की जाती है। इसके अलावा समय समय पर खेतों में खरपतवार हटाते रहे, जिससे कपास के पौधे का विकास सही तरीके से ही सकें। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे इसकी खेती अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखने लगी है, सरकार द्वारा प्रोत्साहित मिलने से भी कई किसानों ने इसकी खेती की तरफ रुख किया है, साथ ही साथ किसानों को इस खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी। कीट नियंत्रण के प्रयास और मौसम की स्थिति अंतिम उत्पादन निर्धारित करने में महत्वपूर्ण हो सकती है।



## खबर संक्षेप

### मुक्ताकाशी मंच पर आज सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** स्वर सप्तक संस्था द्वारा महान फिल्म संगीतकार खय्याम की स्मृति में सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। 7 दिसंबर को शाम 7 बजे से मुकताकाशी मंच पर आयोजित इस संगीत संध्या में अंचल के गायक बॉबी मंडल, वंदना कुलदीप, ओम प्रकाश, राजेश तिवारी, जावेद अली, गोपा सान्याल गीतों को आवाज देंगे। वहीं शिवानी बानी, नगिता गुप्ता, भूमि सागर, दिनेश वर्मा, अजय कर्मोकार व गिरीश कुलदीप खय्याम के स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति देंगे। उदय दास ने बताया कि प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर एयरपोर्ट प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. एसडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

### छज्जा निकालने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक चरवाहे ने अपने छोटे भाई तथा भतीजे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीनाथ यादव ने लक्षण तथा उसके बेटे कमलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मीनाथ ने पुलिस को बताया कि वह गांव के मुखिया की उपस्थिति में बंटवारे में मिली जमीन में छज्जा निकाल रहा था। इस बात से दोनों नाराज हो गए और लक्ष्मीनाथ के साथ मारपीट की।

### बैज बोले- भाजपा सरकार एक साल में ही विफल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार एक साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गई। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गई। गो तस्करी की घटनाएं शुरू हो गईं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गई, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गई।

पेज 11 के शेष...

### समस्याओं से संबंधित...

से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। शिविर में विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सेवा का लाभ दिया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के तहत सुपोषण किट भी प्रदान किया गया। शिविर में विधायक श्री ध्रुव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए माह में दो बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिविर स्थल सहित आसपास गांवों के लोगों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर तेजी से निराकरण किया जा रहा है।

### 9 पुरुषों का हुआ...

रूप से बीईटीओ योगेश पराना , बीपीएम सौरभ विरमानी, नसिंर्ग सिस्टर वंदना साहू, स्टाफ नर्स कंचन कुर्रे, वीनिता बैरागी, रीना सोनी, आरएचओ तोरण साहू, लालजी साहू, पुरूषोत्तम वर्मा मितानीन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

# राजधानी के आउटर की हवा खराब, बारिश की वजह से लोगों को मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर इलाकों में इन दिनों हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब है। हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब एम्स, टाटीबंध इलाके के साथ औद्योगिक एरिया सिलतरा, उरला, बिरगांव, धनेली का एरिया शामिल है। औद्योगिक एरिया में क्यूआई का स्तर सौ से पार हो गया है। इसके कारण सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से टाटीबंध क्षेत्र में थोड़ी राहत है, लेकिन जो राहत मिली है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा इलाके में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण हवा के स्तर में जरूर सुधार हुआ था। क्षेत्र का क्यूआई का स्तर 68 तक पहुंच गया, जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है। क्यूआई का स्तर 116 तक पहुंच गया है। इसी तरह से बुधवार को एम्स, टाटीबंध क्षेत्र में क्यूआई का स्तर 118 तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उस लिहाज के क्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

***इतने से इतने बजे के बीच हवा में सबसे ज्यादा जहर:*** *नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्यूआई का स्तर रात 12 बजे से सुबह आठ बजे के बीच सबसे ज्यादा प्रदूषित रहता है। इस दौरान पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर 80 से लेकर 150 तक पहुंच जाता है। सुबह धूप निकले के बाद थोड़ी राहत मिलनी शुरू होती है। गुरुवार को रात आठ बजे 2.5 का स्तर सिलतरा में 101 पर पहुंच गया।*

## एयर क्वालिटी खराब होने से स्वांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों की बढ़ी परेशानी

### आंबेडकर में पहुंच रहे रोज 50 से 100 मरीज

*हवा का स्तर खराब होने की वजह से अस्थमा सहित अन्य तरह के सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में परेशाना का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरे ओर हवा में धूल रहे जहरीले पार्टिकल की वजह से लोगों को सर्दी, जुकाम तथा खांसी की समस्या बढ़ी है। आंबेडकर अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम से संबंधित नियमित 50 से 100 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं।*



### क्यूआई का स्तर इस क्षेत्र में और भी ज्यादा खराब

*गौरतलब है कि एयर क्वालिटी मापने की मशीन शहर के चार जगह आउटर में लगे हैं। इनमें भाठागांव के अलावा एम्स, सिलतरा तथा कृषि विश्व विद्यालय के पास कृषक नगर है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में शामिल जयस्तंभ, घड़ीचौक, रेलवे स्टेशन जैसे क्षेत्र में क्यूआई मापने की मशीन लगाए जाने पर क्यूआई का शहर के अंदर की सही स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।*

### हवा का दबाव कम होने से क्यूआई का स्तर खराब

जानकारों के मुताबिक ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम रहता है, इस वजह से औद्योगिक से निकलने वाली प्रदूषित धुंआ ऊपर जाने की वजह से निचे रह जाती है। इसके चलते क्यूआई की स्तर बिगड़ता है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष शहर के आउटर औद्योगिक क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब है। पूर्व के वर्षों में औद्योगिक की जगह शहरी क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब रहता था।

## सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके

# रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय पाने पक्षकार लगा रहे सालों से चक्कर, 5 सौ प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के अधीन रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय की उम्मीद कर मकान मालिक और किराएदार केस दर्ज कराते हैं, लेकिन कछुए से भी धीमी गति से प्रकरणों पर हो रही सुनवाई के कारण सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके हैं। कई पक्षकार तो न्याय पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। कंट्रोल कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं। इनमें से करीब 2 सौ प्रकरण ऐसे हैं, जो पिछले 3 से 7 वर्ष के बीच है। इनमें भी कई प्रकरणों में अंतिम सुनवाई भी हो चुकी है, इसके बाद भी इन प्रकरणों में अब तक आर्डर जारी नहीं हुए हैं। हरिभूमि ने रेंट कंट्रोल कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या इतनी ज्यादा घटने के बजाए बढ़ क्यों रहे है और आखिर क्या कारण है कि पक्षकारों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिम्मेदारी जिस अफसर को दी जाती है, उसका कुछ महीनों में ही ट्रांसफर कर दिया जाता है या फिर प्रोटोकाल ड्यूटी में उसे झोंक दिया जाता है, जिसके कारण कोर्ट की नियमिति सुनवाई पर लगातार असर पड़ रहा है।

### सुनवाई की जा रही

चुनाव और शासकीय कार्यक्रमों की प्रोटोकाल ड्यूटी के कारण सुनवाई कम हो पाई है। सप्ताहभर से सुनवाई लगातार की जा रही है।

**- प्रकाश टंडन,** रेंट कंट्रोलर रायपुर

### सुनवाई में प्रोटोकॉल बड़ी बाधा

*रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिस अफसर को जिम्मेदारी दी जाती है, उसी अफसर को प्रोटोकाल का प्रभार दिया जा रहा है। ये पिछले करीब 4-5 वर्ष से चल रहा है। इसके पहले प्रोटोकाल का प्रभार दूसरे अफसरों को दिया जाता रहा है, जिससे रेंट कंट्रोल कोर्ट में सुनवाई भी नियमित होती थी और पक्षकारों को न्याय भी मिल पाता था, लेकिन व्यवस्था बदल दी गई है, जिसके कारण अफसर कोर्ट की सुनवाई नहीं कर प्रोटोकाल में ही अपनी सेवा दे पा रहा है। यही कारण है कि कोर्ट की सुनवाई में भी 80 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है।*



### दो माह में सिर्फ 15 केस में सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रकाश टंडन का अक्टूबर में रेंट कंट्रोल कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। उनके प्रभार संभालने के बाद से वे चुनावी कार्य एवं शासकीय कार्यक्रमों की तैयारियों में व्यस्त हो गए। इसके कारण इन दो महीने में सिर्फ वे 15 सुनवाई ही कर पाए हैं। इनमें भी करीब आधा दर्जन प्रकरण में अलग-अलग कारण से सुनवाई की पेशी आगे बढ़ाई गई है, जबकि कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं।

### एक साल में 5 अफसरों का तबादला

सालभर में रेंट कंट्रोल कोर्ट के प्रभार वाले 5 अफसरों का ट्रांसफर हो चुका है। इसकी शुरुआत नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी। चुनाव से तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। चुनाव के मद्धनेजर उनका ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार सौंपा गया था। उनका ट्रांसफर भी विधानसभा चुनाव के बाद कुछ महीनों में कर दिया गया। उन्हें बिरगांव नगर निगम कमिश्नर बनाते हुए रेंट कंट्रोल कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस बीच अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उनका भी एक-दो महीने ही प्रभार बदल दिया गया। इसके बाद उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को प्रभार सौंपा गया, लेकिन दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पूर्व उनका भी प्रभार बदलकर दिया गया। अब उनकी जगह राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर प्रकाश कुमार टंडन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**केस 1**

गुरजीत सिंह गरचा का केस 2018 से कोर्ट में चल रहा है। रायपुर के आनंद टॉकीज स्थित उसकी प्रॉपर्टी पर किराएदार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में वर्ष 2023 तक कई बार सुनवाई हो चुकी है। बताया गया कि इस सुनवाई में अंतिम निर्णय भी आया है, पर ऑर्डर जारी नहीं जा रहा है।

**केस 2**

पंडरी रायपुर निवासी धीरज अरोरा ने भी 3 साल पहले केस दर्ज किया था। उसके द्वारा अब्दुल अजीज कुरैशी जो किराएदार है, पर केस दर्ज करा कर अपना मकान-दुकान को उसके कब्जा से मुक्त कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस केस में पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले एक साल से लगातार पेशी की तारीख दी जा रही है, जिससे उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

डा. अनुपमा अस्थाना ने भी करीब 4 वर्ष पूर्व अपने मकान को किराएदार से कब्जा मुक्त कराने के लिए केस किया था। इस केस में अंतिम सुनवाई में अनुपमा के पक्ष में निर्णय आया था, जिसे चुनौती देकर दूसरे पक्षकार ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में अनुपमा के पक्ष में आदेश देते हुए 6 माह के भीतर रेंट कंट्रोलर को पक्षकार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इस आदेश के बाद भी डेढ़ वर्ष से अब तक पक्षकार को न्याय नहीं मिल पाया है।

**केस 4**

टिकरापारा रायपुर निवासी अलका ढोटे ने भी किराएदार नजमा बेगम एवं किशोर लंसोड़ के विरुद्ध करीब 3 वर्ष पहले केस दर्ज किया है। इस केस में भी पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले सालभर से इस केस में सुनवाई की पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# संस्थापकों की सदस्यता खत्म नहीं होती, देवांगन समाज का 18 को शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27 नवंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सर्व सहमति से सामाजिक संगठन को मजबूती देने के लिए नए संगठन के रूप में प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का गठन किया गया है। इसमें सभी की सहमति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए उनको अधिकृत भी किया गया है। अब 18 दिसंबर को वृन्दावन हाल में दोपहर 12 बजे सभी जिले के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। यह निर्णय प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष की मनमानी के कारण समाज को लेना पड़ा। समाज को एकजुट करने के लिए संस्थापक सदस्यों से सहमति लेने के बाद नया संगठन भी तैयार किया गया है। प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन, संरक्षक व संस्थापक सदस्य कुंजलाल देवांगन और रामगोपाल देवांगन ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी 19 में से 12 पदाधिकारी प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ हैं। इनमें संस्थापक सदस्य भी शामिल हैं, जिनको समाज से बाहर करने और सदस्यता खत्म करने का दावा कुछ दिन पहले किया गया। नियम के मुताबिक संस्थापक सदस्यों की सदस्यता कभी खत्म नहीं की जा सकती। इसे खिलाफ मानहानि का दावा करने का निर्णय भी लिया जाएगा।

- प्रदेश देवांगन समाज ने पत्रकार वार्ता में कहा- करेंगे मानहानि का दावा

## एड्स दिवस पर किया जागरूक




**राजिम।** एड्स दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में बीएमओ डॉ. वीरेन्द्र हिरोंदिया द्वारा एचआईवी एड्स के बारे जानकारी देते हुए ब्लाक में एचआईवी की नियमित जांच के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने कहा गया। समेकित जांच एवं परामर्श केन्द्र राजिम प्रभारी एवं काउंसलर विजय गजघाटे ने ब्लाक में चलने वाली सभी गतिविधियों के बारे में बताया एवं राजिम ब्लाक के सभी पाज़िटिव मरीज को नियमित रूप से दवाईओं के सेवन से उनके जीवन चक्र को कैसे बढ़ाया जाता है विस्तार से समझाया। सनराइज फाउन्डेशन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट आफिसर लाकेश्वरी विश्वकर्मा ने स्टाफ को सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया एवं उच्च जोखिम समुह को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए बीएमओ को धन्यवाद दिया। सनराइजर फाउन्डेशन के उगेश्वरी सिंग एवं हुमेन्द्र यादव ओआरडब्लु द्वारा उपस्थिति सभी स्टाफ को रेड रिबन लगाया गया। इस अवसर पर बीईओ योगेश पराना, एसआर भोजने, बीपीएम सौरभ विरमानी, संतोष साहू, एसटीएस ने, विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर कुलदीप साहू, राकेश रोशन भोई, आरती साहू, रोशन देशमुख, राजेश साहू, मिनेंद्र साहू, धरम साहू, गोविन्द यदु एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस कारसेवक का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बजरंग दल द्वारा नगर में शौर्य दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह दिन 1992 में अयोध्या स्थित बाबरी मस्जिद ढांचे के विध्वंस की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज में शौर्य और संकल्प की भावना को प्रोत्साहित करना था। सुबह 9.30 बजे नगर के हृदय स्थल पर भगवान श्रीराम के चित्र की पूजा-अर्चना और उद्बोधन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। प्रखंड अध्यक्ष योगेश देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबरी विध्वंस के बाद राम मंदिर निर्माण का सपना अब साकार हो हुआ है। 2026 तक मंदिर निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। इस अवसर पर नगर के प्रमुख कारसेवक गोना राजवंशी को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक मोहित साहू,सत्संग प्रमुख अमन शर्मा, प्रखंड मंत्री मुकेश साहू, नगर संयोजक शुभम जैन, अखाड़ा प्रमुख शांतनु निषाद, कोषाध्यक्ष उग्रसेन यादव, मुक्कु चंद्राकर,राजू निषाद सहित नगर के हिंदू नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जय श्रीराम के जयकारों के साथ हुआ।





# नवापारा में डॉ. आंबेडकर की मनाई गई पुण्यतिथि

**नवापारा-राजिम।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर सर्व अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति एवं सतनाम संदेश से पहुंचे सतनाम समाज की प्रमुख समाजसेवी मिलकर डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कैंडल जलाकर पुष्प माला अर्पित कर बाबा साहब अंबेडकर को याद किया। कार्यक्रम में दयालु राम गाड़ा, धनेश्वरी डांडे, जितेंद्र बंजारे, मेलाराम डांडे, दुलारी चतुवेदानी, दीपक दिवाकर, दिगेश्वर सोनवानी, सुरेश भट्टा, किशन कोसरे, राजेश जोशी, धर्मचंद महिलांग, रामचंद्र महिलांग , संतोष मन्नाडे, नन्हे धृतलहरे ,दिनेश टंडन, लाला सोनवानी, संतोष गिलहरे, वेदराम उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा अभी भले नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन इस चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गया है। इसे लेकर रिटर्निंग, नोडल व सहायक नोडल अफसरों की पहले ही नियुक्ति की जा चुकी है। वहीं गुरुवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने इन अफसरों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्ति किए गए रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने स्थानीय चुनाव की समीक्षा के दौरान कहा कि चुनाव में सावधानियां बरतने के साथ गंभीरता बरतना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दायित्व का निर्वहन बेहतर तरीके से करें। चुनाव संबंधी प्रशिक्षण बेहतर तरीके से लें, ताकि चुनाव के दौरान किसी तरह की दिक्कत नहीं आए।




## मंडी में बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

# नवंबर में 870 किसानों ने बेचा 20 हजार क्विंटल से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के उपार्जन केंद्रों में जहां समर्थन मूल्य पर धान की जमकर खरीदी हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपज मंडी केंद्रों में भी धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है। व्यापारी मंडी में बोली लगाकर धान की खरीदी कर रहे हैं। जिले के पंडरी-तराई (कांपा) उपज मंडी में नवंबर में 870 किसान 20 हजार 124 क्विंटल धान बेच चुके हैं। इन किसानों को धान के बदले 4 करोड़ 62 हजार 480 रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है, जैसे-जैसे धान की कटाई में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों के अलावा मंडी में पंजीकृत किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में जाने लगे हैं। नवंबर में दीपावली त्योहार के बाद से उपार्जन केंद्रों के साथ मंडियों में भी किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं। उपज मंडी में वहीं किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं, जिनका पंजीयन उपार्जन केंद्रों में नहीं है।

### ग्रेड व नमी देखकर लगाई जा रही बोली

*मंडी में धान को ग्रेड के अनुसार तथा उसकी नमी की मात्रा को परखकर खरीदा जा रहा है। इसके लिए व्यापारियों द्वारा धान की बोली लगाई जा रही है। अब तक न्यूनतम 1941 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदा गया है, वहीं अधिकतम बोली 27 सौ रुपए लगाई गई है। हालांकि ग्रेड ए धान की न्यूनतम बोली 1800 रुपए एवं अधिकतम 3495 रुपए तक लगाई जा रही है।*



### धान के साथ अन्य उपज बेचने भी आ रहे किसान

मंडी में धान के साथ अन्य उपज बेचने के लिए भी किसान पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा धान बेचने के लिए किसान आ रहे हैं। नवंबर में 870 किसान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान बेच चुके हैं। किसानों की सुविधा के अनुसार मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से खरीदी व भुगतान किया जा रहा है।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, उपज मंडी रायपुर

### तिवरा, सोयाबीन, सरसों गेंहू-मक्का भी खरीदी शुरू

*मंडी में धान के अलावा किसान तिवरा, सोयाबीन, सरसो, गेंहू एवं मक्का बेचना भी प्रारंभ कर दिए हैं। हालांकि इन सभी की मात्रा बहुत कम है। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह में 3 किसानों ने 8 क्विंटल गेंहू, 1 किसान ने 1 क्विंटल मक्का, 1 किसान ने 2 क्विंटल तिवड़ा, 1 किसान ने 8 क्विंटल सोयाबीन एवं 2 किसानों ने 3 क्विंटल सरसों बेचा है। इन सभी किसानों को उपज का भुगतान भी कर दिया गया है।*

### ऑनलाइन व मैनुअल ट्रांजेक्शन

*मंडी में पंजीकृत किसानों से धान सहित अन्य उपज की खरीदी व भुगतान मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से की जा रही है। इसके तहत 57 किसानों को मैनुअल तथा 833 किसानों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से खरीदी और भुगतान किया गया है।*

## खबर संक्षेप




### सबस्टेशन के लिए जमीन आबंटन करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फिंगेश्वर।** ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्री कला के आश्रित ग्राम पोलकर्रा में 31/11के वी विद्युत सब स्टेशन बनाये जाना है जिसके लिए जमीन की आवश्यकता होने पर जमीन की मांग के लिए जनपद के सभापति अर्चना डॉ. दिलीप साहू ने राजिम एसडीएम कार्यालय मे पहुंचकर एसडीएम विशाल महाराणा से मुलाकात की और उन्हे बताया कि विद्युत सब स्टेशन के लिए ग्राम मे जमीन की आवश्यकता है। जिसके लिए ज्ञापन दिया जा रहा है। उन्होंने मांग को देखते हुए जमीन आबंटन करने आश्वासान दिया। ज्ञात हो कि अंचल के लोगों द्वारा आए दिन लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे जिससे उनको परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं पर जरा सा आंधी–तूफान आने पर लंबे समय तक विद्युत बंद रहने की शिकायते मिलती थी। इन्हीं परेशानियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के जनपद सदस्य सभापति अर्चना डॉ. दिलीप साहू द्वारा विभागीय अधिकारी कार्यपालन अभियंता शिव गुप्ता से निरंतर संपर्क कर विद्युत सबस्टेशन बनाने आग्रह किया गया था। उक्त मांग को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा विद्युत सबस्टेशन बनना प्रस्तावित है। जिसके लिए जमीन प्रस्तावित नहीं होने के कारण निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है।

### कांग्रेसी नेताओं का आरोप बेबुनियाद : चंद्रशेखर

**राजिम।** सहकारी संस्थाओं में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्थाओं के नाम पर कांग्रेस पार्टी नेताओं के द्वारा जो आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं। उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का आरोप बिल्कुल



बेबुनियाद है, ऑनलाइन, ऑफलाइन टोकन एवं धान तौलाई के नाम पर हल्ला कर झूठ राग अलाप कर सहकारी संस्थाओं को बदनाम कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना चाहते हैं विधानसभा लोकसभा चुनाव में अपनी खोई हुई अस्तित्व को बचाने के लिए किसान हितैषी बनने की कोशिश कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि सभी सहकारी संस्थाओं में ऑनलाइन, ऑफलाइन, टोकन की व्यवस्था अनवरत जारी है किसानों को कोई समस्या नहीं है किसानों के तरफ से कभी भी कोई शिकायत नहीं है और फिर अभी तो धान खरीदी शुरूआत हुई है सरकार का जो लक्ष्य है उसको समय अवधि में निश्चित रूप से निर्धारित मात्रा में धान की खरीदी होगी कांग्रेसी नेताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। कहा कि पूर्व विधायक धनेंद्र साहू द्वारा मानिकचौरी सहकारी संस्था में अधिक मात्रा में धान तौल करने एवं टोकन नहीं कटने का जो आरोप लगाया है वह एक प्रोपोगंडा मात्र है।

## प्रवचन : कथा के 6वें दिन श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रसंग का वर्णन

# श्रीराम कथा का श्रवण और आचरण कर स्वयं के जीवन को संवारें : चंद्रकला






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद के क्षेत्र में विराजमान बाबा भूतेश्वर महादेव चरणों में प्रणाम कर अयोध्या धाम से रामकथा करने पधारे देवी चंद्रकला द्वारा नगर के पावन स्थल गांधी मैदान में रामकथा श्रवण करने आए सभी भक्तों को भी प्रणाम कर शुक्रवार छठवें दिन की कथा में श्री राम वन गमन एवं केवट प्रसंग की कथा की व्याख्या किया गया। राम कथा में प्रथम पंचायत मंत्री रहे अमितेश शुक्ल शामिल हुए और व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। अपने उदबोधन में अमितेश शुक्ल जी रामचरित मानस के एक एक दोहा चौपाई को बड़े -बड़े मंत्र बता उसके संदेश को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान कर रामकथा आयोजन के लिए नगरवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया।

■ राम कथा में शामिल हुए अमितेश शुक्ल, व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद

श्री सत्संग मानस मंडली एवं नगरवासियों के सहयोग से आयोजित कथा में आज देवी चंद्रकला बता रही कि श्री राघव को जन्म देने वाली मां मेरी अम्बा कौशल्या है। पर इस संसार में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को जन्म देने वाली मां माता कैकेई है। कैकेई मां जब राजा दशरथ के पास पूर्व में दिए वचन का स्मरण दिला राम की शपथ खाकर पूरा करने राजा दशरथ ने कैकेई से कहा देवी हम रघुवंशी है, हम प्राण दे सकते हैं पर दिए गए वचनों से कभी पीछे नहीं हटते। मां कैकेई अपने सबसे प्रिय पुत्र राम जी को दिए वचन से विवश होकर राम का वनवास मांगे थे। अगर राम अयोध्या में होते तो सिर्फ श्री राम कहलाते लेकिन ये वनवास मां कैकेई ने मांगा और ये चौदह साल की अवधि ने राम जी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बना दिया। किसी भी कार्य को करने के पूर्व उसका उद्देश्य सही है तो वह सत्कर्म, धर्म होता है और अगर आप धर्म भी कर रहे हैं और उसके पीछे आपका उद्देश्य गलत है तो धर्म करके भी आप धर्म नहीं कर रहे। हजारों की संख्या में पंडाल में मौजूद श्रोताओं को केवट प्रसंग बताते हुए कहा कि राम जी जब गंगा किनारे पहुंचे तो दुनिया को पार लगाने वाले श्री राम जी एक केंवट से नाव मंगाया। केवट ने जैसे ही गंगा पार किया मेरे प्रभु उतराई देना चाहते हैं तो मां सीता ने मुद्रिका निकाली तो केवट जी कहते हैं मै रहता गंगा तट पर हूं, तुम रहते जलनिधि तट पर हो, मैं गंगा तट का केवट हूं तुम भव सागर के केंवट हो, गर खुद को ऋणी समझते हो तो ऋण भी वहीं चुका देना, गंगा से पार किया मैने, मुझे भव से पार लगा देना ।



## खरीदी केंद्रों में भाजपा सरकार व्यवस्थाएं बनाने में है नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश कांग्रेस के अहवान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा शुक्रवार को धान खरीदी केन्द्र गौरघाट, नवमुड़ा, जिड़ार निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र में किसानो से चर्चा किया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, श्रीमती प्रियंका कपिल,युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल ने धान खरीदी केन्द्र में किसानो से चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र में पुराने बारदाने की कमी देखी जा रही है, भाजपा सरकार व्यवस्थाएं बनाने में नाकाम है। श्री ध्रुव ने बताया ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा धान खरीदी केन्द्र निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसमें मैनपुर धान खरीदी केन्द्र में खेदु नेगी, थानुराम पटेल, देवी सिंह कमलेश, धान खरीदी केन्द्र गौरघाट में पवन दिवान, खेलन साहू, सोहन नागेश, धान खरीदी केन्द्र जिड़ार में टीकम कपिल, प्रिंयका कपिल, रोहन मरकाम, धान खरीदी केन्द्र शोभा में भुनेश्वर नेगी, भानु नेताम, बुधलाल मरकाम एवं धान खरीदी केन्द्र बम्हनीझोला में रूपेन्द्र सोम, भानु सिंन्हा, मधुसिंह सोरी को निगरानी समिति का सदस्य बनाया गया है।

## बिचौलियों को खुली छूट, किसानों के घरों में मार रहे हैं छापा : गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के धौराकोट में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। मंच से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने अवैध धान परिवहन को लेकर अफसरों की जमकर खिंचाई कर दी। दरअसल, धौराकोट में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन मांझी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने धान तस्करी पर स्थानीय प्रशासन की जमकर खिंचाई की। भरे मंच से गोवर्धन मांझी ने कलेक्टर की मौजूदगी में कहा कि अफसरों ने बिचौलियों को खुली छूट दे दी है।

■ ओड़ीसा से अवैध धान परिवहन को लेकर अफसरों पर बिफरे पूर्व संसदीय सचिव



इसलिए चेक पोस्ट दुरुस्त नहीं है। बेखौफ होकर बिचौलिए ओडिसा का धान लाकर खपा रहे हैं। उसे रोकने वाला कोई नहीं है उन्होंने कहा की उड़ीसा के तीन जिलों की सीमा से 50 छोटी बड़ी वाहन रोजाना धान का अवैध परिवहन कर रहे हैं कार्यवाही की खानापूर्ति करने के लिए प्रशासन किसानों के घर और बाड़ी पर छापा मार कर धान पकड़ रही है क्षेत्र के किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है और ओड़ीसा के व्यापारी खुला आम धान का अवैध तस्करी कर रहे हैं इसे रोकने वाला कोई नहीं है लगातार किसानों की शिकायत मिल रही है पकड़ना है तो ओड़ीसा से अवैध धान की तस्करी करने वाले को पकड़ा जाए स्थानिय किसनो को क्यों परेशान किया जा रहा है आखिर किसके शाह पर बैरियर से अवैध धान का परिवाहन हो रहा है।

### किसी को कोई परेशान करें, तो मुझे सीधे कॉल करें : कलेक्टर

भाजपा नेता के संबोधन के बाद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने माइक थामते ही कहा कि हमने किसानों को परेशान करने का कोई निर्देश नहीं दिया है। अगर किसी को कोई परेशान करता है, तो मुझे सीधे कॉल करें। वहीं अवैध परिवहन को लेकर कहा कि लगातार कार्रवाई हो रही है, अब तक 9 वाहन पकड़े गए हैं।

## समस्याओं के समाधन के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम नदीपारा में कुम्हार समाज द्वारा तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ अष्टचक्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने विधायक जनक ध्रुव जैसे ही नदीपारा पहुंचे कुम्हार समाज के लोगों ने स्वागत की। समाज के लोगों के द्वारा जो भी मांग पत्र विधायक को दिया गया जल्द पूरा करने की बात कही। साथ ही जिड़ार मुख्यमार्ग से लेकर नदीपारा, अचानपुर, खामभाठा, देहारगुड़ा तक प्रधानमंत्री ग्रामसड़क योजना में सड़क निर्माण करवाने की बात कही। जनक ध्रुव ने कहा की दूसरो के घरो को रौशनी से जगमगाने वाले कुम्हार समाज के लोग आज समस्याओं से घिरा हुआ है इनके समस्याओं के समाधन के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत है। माटी कला बोर्ड के माध्यम से इनके विकास और उन्नति के लिए कार्य योजना बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, कुम्हार समाज के अध्यक्ष जोगनी बाई सचिव रिपुसुदन पाडें, उमांशंकर पांडे, उदेराम पाडें,, मोहनूराम पाडें, धर्मेन्द पाडें, टंकधर, पीलाजी, लखन, सोमनाथ, केजुराम,गेंदलाल, चंदन सिंह, मेघनाथ, मोहन पाडें, बेनु पाडें, दिलवर, भानूशंकर, पारेश्वर पाडें, सुहागा पाडें, पीलाबाई, जामवंती पाडें, रूखमणी, पदमनी पाडें, जंयती पाडें, बालोबोई, फरसुराम, खोवेन्द्र पाडें, टिकमन, डिलेश्वरी, पुरूशोत्तम, कुंतोला, लोचन चक्रधारी, बलराम, कार्तिक, दयाबती, केकती, कलेन्द्री, छन्नु साहू, चेतन यादच, नकुल यादव, मोहन साहू,चेतन नागेश सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं विधायक जनक ध्रुव ने गुडभेली में क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए।



### विधायक ने करवाया बीपी चेक

विधायक जनक ध्रुव लगातार सघन जनसम्पर्क कर रहे है सघन जनसम्पर्क के दौरान ग्राम जाड़ापदर उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्था देखकर विधायक ने तारीफ किया साथ ही अस्पताल में और जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान विधायक ने वजन चेक किया साथ ही उनका बीपी, शुगर चेक किया गया। तो विधायक जनक ध्रुव का बीपी बढ़ मिला। जिस पर उन्हे आराम करने की सलाह दी। विधायक ने हसकर टाल दिया और कहा क्षेत्र के गांव- गांव जन सम्पर्क किया जा रहा है।

## मृदा पोषक तत्व के बारे में कॉलेज छात्रों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर, गरियाबंद के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में चतुर्थ वर्ष (रावे) छात्रों के सहायोग से ग्राम किरवई में दिनांक 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा कि अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चतुर्थ वर्ष (रावे) छात्रों ने संत पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई में मिट्टी के महत्व एवं परीक्षण के बारे में जानकारी दी। मृदा विज्ञान के सहा. प्राध्यापक सत्येन्द्र पाटले ने मिट्टी परीक्षण के बाद ही उवरकों का संतुलित मात्र में उपयोग करने की जानकारी प्रदान की साथ ही समन्नवित पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में छात्रों को अवगत कराया। प्राचार्य बंसत कुमार साहू ने मृदा को प्रदूषण से बचाने के महत्व पर जोर दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर ने किसानों को जैविक खाद का उपयोग करने की अपील की। मंच का संचालन चतुर्थ वर्ष की छात्र हरदीप कौर ने किया साथ में छात्र दीपा टंडन ने मृदा परीक्षण के बारे में छात्रों एवं किसानों को विस्तार से बताया। चतुर्थ वर्ष (रावे) के छात्रों ने किसान शेष राम साहू के खेत में मृदा परीक्षण कार्यक्रम का प्रदर्शन किया तथा लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के साथ डॉ. पायल जायसवाल एवं शशिभूषण बरिहा समेत विद्यालय के गुरूजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





### चित्रकला में मेघा प्रथम

**छुरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में एक्सीस बैंक द्वारा स्प्लैश आर्ट के अंतर्गत 7 से 10 एवं 11 से 14 वर्ष के बच्चों के बीच चित्रकला एवं शुद्धलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 7 से 10 वर्ष कैटेगरी में चित्रकला के क्षेत्र में मेघा देवांगन प्रथम, पूर्वी साहू द्वितीय एवं कुमकुम वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा शुद्धलेखन के क्षेत्र में मान्यता मेहता प्रथम, प्रेरणा त्रिपाठी द्वितीय एवम् अनिरुद्ध निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11 से 14 वर्ष कैटेगरी में चित्रकला के क्षेत्र में हंसिका सांडे प्रथम, अदिति निर्मलकर द्वितीय एवम् चेतना धीवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा शुद्धलेखन के क्षेत्र में प्रयाग कंसारी प्रथम, फलक अंजुम खान द्वितीय एवम् हिमानी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन बैंक इंचार्जों एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिताओं में विजयी रहे छात्र छात्राओं को अतिथियों एवं विद्यालय प्राचार्य के हाथों प्रशस्ति पत्र व मेडल दे कर सम्मानित किया गया।






## बिहान की बहनें आर्थिक विकास की दौड़ में शामिल : पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जनपद पंचायत फिंगेश्वर में मितानिन प्रशिक्षिका ब्लॉक समन्वयक बिहान क्लस्टर पदाधिकारी दीदियों का सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल बुके दे कर सम्मान किया गया। जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा कि घर -घर स्वास्थ सेवा देती है हमारी मितानीने बहने वही पर बिहान योजना से जुड़ी बहने आर्थिक विकास की अग्रसर हो रही है।

■ मितानिने व बिहान कलेस्टर की दीदीयों को जनपद अध्यक्ष ने सम्मानित किया

जनपद पंचायत की सभा कक्ष में आयोजन कर सभी जनपद सदस्यों ने उद्बोधन कर सम्मान दिया। जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मितानिन दीदियां 2002 से निःस्वार्थ भावना से सेवा कार्य कर रही हैं। ये स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ माने जाते है। गांव- गांव के पारा टोला में रहकर स्वास्थ्य सेवाएं देती है। लोगों को टीकाकरण, महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करती है।पारा बैठक कर मलेरिया, दस्त, निमोनिया टीवी कुष्ठ रोग, पीलिया, कुपोषण, क्रीमी जैसे बीमारियों के बारे में जानकारी देकर बचाव का उपाय बताती हैं। ऐसे मितानिन ट्रेनर का सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है।



**महिलाएं सक्षम होकर निजी और सामाजिक जीवन में ला रही है बदलाव-** इसी कड़ी में विहान की चारों कलस्टर के पदाधिकारी का सम्मान भी गौरव की बात है, क्योंकि बिहान स्वयं सहायता समूह से जोड़कर महिलाएं स्वालंबी बन रही है। उनके आर्थिक स्थिति में सुधार आ रही हैं।आज बहन की डेडिया पशु सखी, कृषि मित्र बैंक के मित्र की महिला के रूप में कार्य कर रही है। महिलाएं सक्षम होकर निजी और सामाजिक जीवन में बदलाव ला रही है। ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने कार्यों के बल पर आर्थिक रूप से संपन्न हो रही है। ऐसी महिलाओं का सम्मान हमारे जनपद पंचायत के द्वारा है तो हम सब जनप्रतिनिधियों की ओर से गौरव की बात है।सभी महिलाओं को ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए बधाई शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे पुष्पा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत, मुख्य कार्यपालिका अधिकारी स्वपनिल ध्रुव, एडिशनल सीईओ ज्योति बाला, सभापति संतोष सेन, जगदीश साहू, अर्चना साहू, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, होरीलाल साहू, भुवनेश्वरी साहू, टोमेश्वरी रात्रे, मीरा साहू, रामाधिन ध्रुव, सचिव कोमल साहू, ब्लाक समन्वयक सेविका सोनी, नीतू तिवारी व ब्लाक की समस्त मितानिन ट्रेनर, बिहान से नीरज ठाकुर, बबीता साहू, कलस्टर पदाधिकारी बुद्धि साहू, संगीता साहू, श्रद्धा साहू, त्रिवेणी साहू, टेमेश्वरी, बसंती, बबिता, लेखनी आदि उपस्थिति थे।




राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लैब टेक्निशियन के कौशल परिणाम जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में संविदा भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके फलस्वरूप सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं लैब टेक्निशियन का कौशल परीक्षा 5 दिसंबर को आयोजित किया गया। उक्त कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिसका अवलोकन संबंधित आवेदकों द्वारा कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 और 11 को रायगढ़ में

**महासमुंद।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीर (थल सेना) भर्ती के तहत लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि महासमुंद जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 दिसंबर को और अग्निवीर टेक्नीकल, क्लर्क, ट्रेडमेंन पदों के लिए यह परीक्षा 11 दिसंबर को निर्धारित है। महासमुंद जिले से रायगढ़ जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत 7 से 9 दिसंबर तक रैन बसेरा, ट्रांसफोर्ट नगर, गांधी नगर सामुदायिक भवन, रायगढ़ एवं 11 दिसंबर को मंगल भवन, कबीर चौक, रायगढ़ में ठहरने की सुविधा रहेगी।

### संविदा भर्ती के लिए 11 तक दावा आपत्ति

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें लेखापाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 के प्राप्त आवेदनों का इन्द्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया हैं। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि स्वयं कार्यालय में उपस्थिति होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के लिए आवेदन का प्रारूप तथा पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जाएगा।

### आवास मित्र भर्ती के लिए दस्तावेज सूची जारी

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का दस्तावेज सत्यापन पश्चात सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन जिले की वेबसाईटपर किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि उक्त सूची में केवल लिपिकीय त्रुटि में सुधार के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

## निधन

### हरख राम विश्वकर्मा



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम पाटसिवनी निवासी हरख राम विश्वकर्मा का निधन 5 दिसम्बर दिन गुरूवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकाली गई। उनके अंतिम संस्कार में स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए। वे सोनिया बाई की पति व यादराम, जागेश विश्वकर्मा के पिता थे।

**निरीक्षण : विद्यालय परिसर में गंदगी को देखकर कलेक्टर नाराज, साफ-सफाई कराने दिया निर्देश**

# निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर को कक्षा 5वीं के छात्र ने सुनाया फर्राटेदार 13 का पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- जुगाड़ में आंबा कार्यकर्ता एवं शिक्षिका नदारद कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को मैनपुर ब्लॉक के अंतर्गत वनांचल गांव जुगाड़ एवं धुरवागुड़ी में पहुंचकर विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने जुगाड़ में प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने धुरवागुड़ी में पहुंचकर स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सबसे पहले ग्राम जुगाड़ के प्राइमरी एवं मीडिल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए स्कूल में स्टॉफ एवं संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कक्षों में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने बच्चों से सामान्य ज्ञान सहित देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछकर उनके सामान्य सीख को परखा। कक्षा पांचवी के छात्र रूपेश से तेरह का पहाड़ा पूछने पर उन्होंने फर्राटेदार तरीके से तेरह का पहाड़ा कलेक्टर को सुनाया। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का भी नाम उत्सुकता के साथ बताया। बच्चों की पढ़ाई का स्तर एवं बेहतर सीख को देखकर कलेक्टर ने बच्चों की खूब प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार छात्र प्रियंका कश्यप से भी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने भी चहकते हुए कलेक्टर को सही जानकारी दी। इस पर भी कलेक्टर ने उन्हें शबासी दी। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल परिसर में रसोई कक्ष एवं सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही परिसर में मौजूद आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। परिसर में पेयजल आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा चलित पानी टंकी को नया लगाने के निर्देश दिये। जुगाड़ स्कूल की शिक्षिका एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक केएस नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा चलित टंकी की खराब स्थिति को देखकर कलेक्टर ने तत्काल नई टंकी लगाने के दिए निर्देश

#### धुरवागुड़ी सेजेस का निरीक्षण

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धुरवागुड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों में जाकर बच्चों से बात की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जरूरी शब्द एवं अक्षर ज्ञान की जानकारी ली। बच्चों ने भी तत्परता के साथ कलेक्टर को पढ़ाई के बोर में बताया। इस दौरान कलेक्टर ने पुस्तकालय भवन एवं प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। वहां पर प्रयोगशाला उपकरण एवं किताब अव्ययस्थित पाये जाने पर लाईब्रेरी एवं लैब शिक्षक पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही परिसर में फैले गंदगी के लिए भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश देते हुए प्राचार्य सहित लैब एवं लाईब्रेरी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शिक्षकों को स्वयं अनुशासित रहकर बच्चों को भी अनुशासन एवं किताबों से संबंधित जरूरी ज्ञान सिखाने को कहा। उन्होंने बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं आवश्यक खाद्यान्न सामग्री की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के सख्त निर्देश खाना बनाने वाले संबंधित समूह को दिये। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन भवन को भी गुणवत्तायुक्त तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## अग्निवीर जवान मनीष का गांव में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम देवरी निवासी नोहर साहू के सुपुत्र मनीष साहू का अग्निवीर में चयन हुआ था। 6 महीने बाद ट्रेनिंग पूरा कर पुनः घर वापस लौटे, ग्रामीणों ने पटाखों से भव्य आतिश बाजी कर जवान का स्वागत किया। ट्रेनिंग के बाद पहली बार जवान घर पहुंचे, अपने बेटे को वर्दी में देख माता-पिता गदगद हुए। जवान मनीष साहू ने बताया कि बचपन से ही देश सेवा करने का जुनून था और मैंने इस क्षेत्र में लगन और कड़ी मेहनत की मेहनत का फल मुझे मिला। अब की अग्निवीर का एक हिस्सा बनकर देश कि सेवा करूंगा। इस दौरान डीगेश कुमार साहू, उपसरपंच ओम प्रकाश साहू, धन्नू साहू, सुनील साहू, थानचंद साहू, अनिल साहू, देमेन साहू थानचंद साहू, गुलाब साहू राजेंद्र कोटवार, कालेश्वर, सोमुसाहु एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए संविधान निर्माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर में नगर में बौद्ध महार समाज द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हे याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और अम्बेडकर को याद कर उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान बौद्ध महार समाज के सचिव खिलेन्द्र कुटारे ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे देश के उन महान विभूतियों में से थे। जिन्होने अपने जीवन के अंतिम क्षणो तक समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों में स्वाभिमान जगाया और उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये कठिन संघर्ष और परिश्रम किया। उन्होने अपने अनमोल विचारों से देश और दुनिया को हमेशा सही रास्तो पर चलने की प्रेरणा दी। डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित विश्व का सबसे बड़ा भारत का लिखित संविधान के कारण ही आज देश नई उंचाईयों को छू रहा है। उनके शिक्षा संदेश से देश के करोड़ों वंचित समाज को नई दिशा मिला और उनका उध्दार हुआ है। इस मौके पर शिव तिरपुड़े ने कहा बाबा साहब का देश के उन्नति के लिए योगदान हमेशा यादव किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान, गेंदु यादव, डोमेश पटेल नंद किशोर पटेल, अमीत रामटेके प्रांसी कुटारे, शकुंतला रामटेके, केशर बाई बाम्बोडे, सियाबाई बाम्बोड़े, सुनैना रामटेके, वर्षा रामटेके, झुमुक बाम्बोड़े, माखन बाम्बोड़े, महेश बाम्बोडे, पवित्र बाम्बोड़े, अनुज कुटारे एवं बौद्ध महार समाज के लोग तथा नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कुर्सी दौड़ में कुलदीप प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)।

विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर खेलकूद का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय मैदान गरियाबंद में किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला रवेली संकुल केन्द्र जरगांव के बच्चे कुलदीप पिता शंकर लाल कक्षा छठवीं बौद्धिक निःशक्तता ने कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समावेशी शिक्षा अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को छिपी हुई प्रतिभा को निखारने आत्म सम्मान सामाजिक कौशल और आत्म विश्वास को बेहतर बनाने हेतु यह आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को शाला स्तर पर समस्त स्टाफ तथा संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा बधाई प्रदान किया गया। उन्हें पेन और कापी भेंट किया गया।इस अवसर पर प्रधानपाठक उमेन्द्र कुमार साहू, बंशीलाल साहू, देवानंद साहू, हेमसिह ध्रुव, भुवनेश्वरी दिवान, योगिता मिश्रा, सुशीला साहू आदि उपस्थित थी।

## ठाकुर देव को समर्पित किया धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्रामीण अंचल के हर गांव में किसी ना किसी देवता को सवर्मान्य माना जाता है और उनकी पूजा करने की रीति-रिवाज अलग-अलग परम्परागत होते हैं। इसी में गांव की ठाकुर देव हैं, जिसे गांव के सभी वर्ग के किसान अपना मान्य देवता मानते हैं। इन दिनों क्षेत्र में गांव बनाने की त्योहार किसान ठाकुर देव स्थल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को कुछ ग्राम में बलि प्रथा तो कुछ गांव में बदलाव करते सादा करते आ रहे हैं, सादा जिसकी अगुवाई परेवा वाले भगत बाबा और सहयोगी ग्राम के पुजारी बैगा कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम खुटेरी, खुडियाडिही में गुरूवार को गांव बनाने की त्योहार धूमधाम से मनाया गया। भगत गुरु गिरिराज ध्रुव परेवा वाले के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में विधि-विधान परम्परागत पूजा अर्चना किया गया। साथ में स्थानीय ग्राम समिति किसान डॉ. गयाराम सेन, एनसिंग साहू, दुष्यंत साहू, झामु राम साहू, सेवा निवृत्त शिक्षक आरआर साहू, लेखू साहू, संतु राम निषाद , भारत साहू, मनहरण सेन, कन्हैया निषाद, मायाराम साहू, काशीराम निषाद, नीलकंठ साहू, राधेश्याम निषाद, रखी ध्रुव, मानसिंह साहू, गिरधारी राम साहू, द्वारका साहू रामऊ राम साहू, देवनारायण साहू, भुवन साहू, चिंताराम साहू, नारायण साहू, गुमान साहू ने कहा की ठाकुर देव ग्राम के सभी देवता में सबसे बड़े माने जाते हैं, इसलिए सबसे पहली पूजा ठाकुर देवता की होती है। फसल कटाई के बाद किसान अपनी उपज की पहली हिस्सा ठाकुर देव को धान की बंडल सहित समर्पित किया गया। योगेश कुमार सिन्हा छुईहा ने कहा की भगत गिरिराज महराज परेवा वाले के द्वारा कुछ इसी तरह से ही हमारे गांव में मनाते हैं। लेकिन मशीनरी युग के परम्परा ध्वस्त हो गई है। अब मानों औपचारिक हो गई है।

## नपं की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभा कक्ष में समान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष नुरमती मांझी की अध्यक्षता तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी के उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में जनपद पंचायत अतर्गत चल रहे विकास कार्यो को लेकर चर्चा किया गया 15 वें वित एवं जनपद निधि के कार्यो के संबंध में चर्चा की गई वही जनपद सदस्यों के क्षेत्र में अब तक जो निर्माण कार्य उनके मद से आबंटित कार्यो का प्रारंभ नही हुआ है उसे जल्द प्रारंभ करवाने प्रस्ताव पास किया गया एवं विभिन्न निर्माण कार्यो को लेकर चर्चा किया गया इस मौके पर एसडीएम पंकज डहिरे,जनपद उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत, जनपद सदस्य डागेश्वर नेगी, मनोज मिश्रा, लीला बाई कमलेश, घनश्याम मरकाम, ललिता यादव, केनी बाई, अनकीन बाई, दीपक मंडावी, वेदमती कपील, नवीना मरकाम, भुमिलता जगत, सरस्वती बाई नेताम, निर्भय ठाकुर, अरूण सिन्हा, इन्द्रबाई नेताम, पुनीत सिन्हा, केशर डोंगरे, जयसिंह नागेश, डीके साडिल्य, राजकुमार ध्रुर्वा, नरेश लाल नाग, उत्तम कुमार चौधरी, गोपाल ध्रुव, कैलाश मारकाण्डे, जी एल सोनी, डोमार कश्यप, बोध पटेल, महेश पटेल, पीआर ठाकुर, कजेन्द्र ध्रुव, सुमन बापची एवं सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## विहिप व बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस हिंदुत्व को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



अयोध्या में विवादास्पद बाबरी ढांचा विध्वंस की बरसी पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शौर्य दिवस मनाया। छुरा के स्वर्ण जयंती चौक पर शौर्य दिवस कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम की आरती उतारकर हिंदूत्व की रक्षा का संकल्प लिया। वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलाराम साहु ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के लिए लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण को सनातन धर्म की विजय बताते हुए हिंदुत्व को मजबूत करने पर जोर दिया। विहिप के विभाग अर्चक पुरोहित मेषनंदन पांडेय ने जाति पांती का भेदभाव मिटाकर सकल हिंदू समाज की एकता और सामाजिक समरसता कावातावरण बनाने की दिशा में कार्यकर्ताओं से सक्रिय प्रयास करने की अपील की। प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबरी विध्वंस के बाद राम मंदिर निर्माण का सपना अब साकार हो रहा है। 2026 तक मंदिर निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, मानसिंग निषाद, थानसिंग निषाद, नरोत्तम साहु, प्रखंड मंत्री रामशरण पुरैना, रजत ध्रुव, भिषेक पांडेय, निखिल साहू, दिशांक चंद्राकर, सुजल कोठारी,शंकर सेन, फलेन्द्र साहु, नंद साहू सहित नगर के हिंदू नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शीतल ध्रुव कार्यक्रम का समापन जय श्रीराम के जयकारों के साथ हुआ।

**लोहरसी स्कूल में नशा मुक्ति के खिलाफ चलाया गया अभियान**

# नशा जानलेवा बीमारी, परिवार को कर देता है बर्बाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम लोहरसी में शुक्रवार को समस्त पालक गण व शाला विकास समिति के सदस्य गण वह पांडुका थाना प्रभारी के उपस्थिति में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। कम उम्र में नशा की ओर बढ़ते बच्चों को सही रास्ते में लाने शान लगातार अभियान चला कर पालकों व बच्चों को संदेश पहुंचा रहे हैं की नशा एक जानलेवा बीमारी है जो हंसते खेलते परिवार को बर्बाद कर देता है। स्कूली छात्र ही नहीं बल्कि आज के युवा पीढ़ी नशे की लत में धसते जा रहे हैं। इन सभी गतिविधियों को एक सही रूप से देश भविष्य की ओर आगे बढ़ने लगातार संदेश जिला प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है। बावजूद कम उम्र के बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं उन्हीं के रोकथाम के लिए लोहरसी से स्कूल नशा से दूर रहने संदेश दिया गया। साथ ही पढ़ाई में ध्यान लगाने और अच्छे मास्क लाकर अपने गांव व अपने जिले का नाम रोशन करें। साथी स्कूल में नए वाटर कूलर मशीन कभी शुभारंभ किया गया। शाला प्रबंधक समिति चंद्रशेखर साहू, धनीराम साहू, दीपक साहू, मोहन साहू, मिलन साहू, टीकू ध्रुव, युगल साहू, लोकेश साहू, गोपी ध्रुव, पोखन साहू, ईश्वरी पटेल, हलधर पटेल, पुखराज साहू, अंशु साहू, प्राचार्य कन्हैया लाल, धूलेश्वर सिंह, आरके अग्रवाल, जे आर ठाकुर, भूपेन श्रीवास, सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

